सर्विलांस टीम जनपद बदायूं द्वारा गुम/खोयें हुये कुल 106 मोबाइल एंड्रायड फोन (कीमत लगभग 15 लाख रुपये) बरामद कर उनके स्वामियों के सुपुर्द किये गये।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बदायूं श्री आलोक प्रियदर्शी के निर्देशन में सर्विलांस सेल जनपद बदायूं को गुम/खोयें मोबाइल/टैबलेट की रिकवरी हेतु पूर्व में प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए थे। सर्विलांस टीम द्वारा प्राप्त प्रार्थना पत्रों मे प्राप्त मोबाइल फोन को सर्विलांस पर लगाकर त्वरित कार्यवाही करते हुए कुल 106 एंड्रायड मोबाइल फोन को बरामद किया गया है।

आज दिनांक 04 अप्रैल 2024 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बदायूं श्री आलोक प्रियदर्शी द्वारा बरामद मोबाइलों को उनके स्वामियों के सुपुर्द किया गया है। मोबाइल स्वामियों द्वारा सर्विलांस टीम की भूरि भूरि प्रशंसा की गई तथा आम जनमानस द्वारा इस सराहनीय कार्य हेतु बदायूं पुलिस की प्रशंसा की जा रही है।

- बरामद किये गये मोबाइलों का विवरणः

क्र0सं0	मो0 कम्पनी-	सं0	क्र0सं0	मो0 कम्पनी	सं0
1	Vivo	22	6	Techno Spark	6
2	Oppo-	20	7	Narzo	1
3	Redmi	13	8	Infinix	5
4	Real Me	22	9	Jio	1
5	Samsung	15	10	IQ	1

- कुल बरामद मोबाइल फोन की संख्या-106 मोबाइल फोन (कीमत लगभग 15 लाख रुपये)।

सोशल मीडिया सैल, बदायूं।